खण्ड – 02,03 संख्या– 24,02,03

# नवम्

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## भाग –2

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

सत्यमेव जयते

मंगलवार, दिनांक 30 जुलाई, 1985 ई०

बुधवार, दिनांक 06 नवम्बर, 1985 ई०

वृहस्पतिवार, दिनांक 07 नवम्बर, 1985 ई०

कराड़ों रुपये की फसल एवं मकानों को गिरने से क्षति हुई है। अतः सुरक्षा एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर चलाया जाय।

**अध्यक्ष** : आज मैं सदन से एक विशेष अनुमति लेना चाहता हूँ । आज सत्र का अंतिम दिन है। अतः आज माननीय सदस्यों की सहूलियत के लिये और जनहित में जितने भी शून्यकाल के लिये प्रस्ताव आये हैं मैं सबों को ले रहा हूँ।

## (ञ) श्री परमेश्वर कुमार अग्रवाल के विरुद्ध कार्रवाई :

**श्री माधव लाल सिंह** : अध्यक्ष महोदय, श्री परमेश्वर कुमार अग्रवाल धनबाद जो पाथरडीह, दुग्धा, कठारा और कारगली वाशरी प्लांट से सलेरी इकट्ठा करने पर पदाधिकारियों की सांठ–गांठ से लाखों रुपये अवैध ढंग से प्रतिदिन कमाते हैं और जमीन के असली हकदारों को परेशान करते हैं। सरकार श्री अग्रवाल के विरुद्ध कार्रवाई करे।

## (ट) नामजाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी :

**श्री कर्पूरी ठाकुर** : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिला के दिनारा थाना तथा करगहर थाना में क्रमशः सेमरा ग्राम तथा नारायपुर ग्राम में क्रमशः सात एवं तीन व्यक्तियों की सामूहिक हत्या कर दी गयी परंतु एक भी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सरकार इन दोनों कांडों के अनुसंधानकर्ता (आइ०ओ०) को बदल दे और अभियुक्तों की गिरफ्तारी करे । मैंने इसके लिये मुख्यमंत्री से भी अनुरोध किया है।